(ii) वर्षा विनोद किस रस की रचना है ?

(क) हास्य

(ख) वीर

(ग) शृंगार

(iii) हरिऔध का जन्म कब हुआ ?

(क) 1865

(ख) 1940

(ग) 1947

(iv) प्रिय-प्रवास का प्रकाशन कब हुआ ?

(क) 1913

(ख) 1915

(ग) 1930

(v) 'आशा' शीर्षक रचना किस विधा की है ?

(क) कविता

(ख) कहानी

(ग) नाटक



(vi) मातृभूमि में किसकी वंदना है ?

(क) राम

(ख) कृष्ण

(ग) भारत भूमि

(vii) 'मधुमय देश' गीत किसने गाया ?

(क) जया

(ख) रमा

(ग) कार्नेलिया

(viii) 'तितली' उपन्यास किसका है ?

(क) पंत

(ख) प्रसाद

(ग) पवन

(ix) निराला के पिता का क्या नाम था ?

(क) उत्तम

(ख) राम सहाय

(ग) राम प्रसाद

(x) 'अनामिका' किसकी रचना है ?

(क) निराला

(ख) प्रसाद

(ग) यशपाल

(xi) 'विपथगा' किसकी कहानी है ?

(क) निराला

(ख) गुप्त

(ग) अज्ञेय

(xii) अज्ञेय की मृत्यु कब हुई ?

(क) 1987

(ख) 1990

(ग) 1991

(xiii) नागार्जुन की मृत्यु कब हुई ?

(क) 1990

(ख) 1998

(ग) 1968



(xiv) 'प्रेत का बयान' किसकी रचना है ?

(क) पंत

(ख) उग्र

(ग) नागार्जुन

(xv) नरेश मेहता का जन्म कब हुआ ?

(क) 1930

(ख) 1922

(ग) 1932 1×14=14

2. निम्नलिखित पद्यांशों का सप्रसंग सरलार्थ कीजिए :

(क) हैं व्यथाएँ सैंकड़ों इनमें भरी।
ये बड़े गंभीर दु:ख में हैं सने।
पर इन्हें अवलोक करके दो बता।
है कलेजा थामते कितने जने॥

**अथवा**

दैव मेरे भाग में क्या है बदा।
मैं बचूँगी या मिलूंगी धूल में।
या जलूँगी गिर अंगारे पर किसी
चू पड़ूंगी या कमल के फूल में।

(ख) प्राण-प्रतिष्ठा-सी सब ओर
की तुमने इससे उस छोर
करके जगती का आह्वान
गाया अनुपम वैदिक गान।

**अथवा**

श्रम विश्राम क्षितिज बेला से
जहाँ सृजन करते मेला से
अमर जागरण ऊषा नयन से
बिखराती हो ज्योति घनी रे।

(ग) अरुण हो सकल विश्व अनुराग
करुण हो निर्दय मानव चित
उठे मधु लहरी मानस में
कूल पर मलयज का हो वास।

**अथवा**

अब नहीं आती पुलिन पर प्रियतमा
श्याम तृण पर बैठने को निरुपमा
बह रही हृदय में केवल अमा
मैं अलक्षित हूँ, यही—कवि कह गया।



(घ) कोई हुनरमंद था
मैंने देखा और कहा, यों
थका भारवाही पाया—
घुड़का या कोंच दिया 'क्यों'

**अथवा**

ओ रे प्रेत
कड़क कर बोले नरक के मालिक यमराज
सच-सच बतला।—कैसे मरा तू ?
भूख से, अकाल से ?
बुखार, कालाजार से ? 7×4=28

3. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए :

(क) भारतेन्दु **अथवा** हरिऔध का व्यक्तित्व कृतित्व लिखिए।

(ख) मैथिलीशरण गुप्त **अथवा** प्रसाद की भावगत विशेषताएँ लिखिए।

(ग) निराला **अथवा** अज्ञेय की काव्यगत विशेषताएँ लिखिए।

(घ) नागार्जुन **अथवा** नरेश मेहता का साहित्यिक परिचय लिखिए। $7 \times 4 = 28$

Roll No. ...............................

Total No. of Questions : **3**] [Total No. of Printed Pages : **8**

**(2034)**

## UG (CBCS) IInd Year Annual Examination

# 2870

## B.A. HINDI

### (Aadhunik Hindi Kavita)

(Core)

(DSC–1C)

Paper : HIND 202

**Time : 3 Hours]** **[Maximum Marks : 70**

नोट :- सभी प्रश्न अनिवार्य हैं।

1. निम्नलिखित वस्तुनिष्ठ प्रश्नों में से किन्हीं **चौदह** प्रश्नों के उत्तर दीजिए :

   (i) भारतेन्दु की मृत्यु कब हुई ?

   (क) 1885

   (ख) 1890

   (ग) 1895